# असलहे के बल पर किशोरी के साथ दुष्कर्म,आरोपित गिरफ्तार

- रिश्तेदारी में गए थे स्वजन, घर में अकेली थी किशोरी
- पीड़िता के पिता की तहरीर पर मामला दर्ज

संसू, जागरण • जमुनहा (श्रावस्ती): हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र के एक गांव में घर में अकेली किशोरी संग गांव के ही दबंग ने असलहे के बल पर दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर पड़ोसी दौड़े, तब तक आरोपित अपने साथियों के साथ जानमाल की धमकी देते हुए बाइक से फरार हो गया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

क्षेत्र के एक गांव की किशोरी 22 नवंबर को घर में अकेली थी। परिवार के लोग रिश्तेदारी में गए थे। किशोरी को अकेले पाकर रात में गांव निवासी दिलीप कश्यप घर में घुस गया और असलहे के बल पर उसके साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर किशोरी के चाचा मौके पर पहुंचे तो आरोपित असलहा लहराते हुए जानमाल की धमकी देते हुए दीवार फांद कर बाहर निकल गया। इसके बाद अपने सहयोगियों को बुलाकर बाइक से फरार हो गया। हरदत्तनगर गिरंट थाने के प्रभारी निरीक्षक महिमा नाथ उपाध्याय ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर रविवार को आरोपित दिलीप के विरुद्ध घर में घुसकर दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट, जानमाल की धमकी देने व एससी/एसटी का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस टीम ने इमलिया करनपुर गांव से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।